I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# E.H.I.-5

## 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक का भारत

**( India From mid-18th Century to mid-19th Century )**

By: *Mukesh Magon* M.B.A., P.G.D.B., M.I.R.

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***
***Including* Many Solved Question Papers**

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501
E-mail: info@neerajignoubooks.com
Website: www.neerajignoubooks.com

MRP ₹ 200/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| **Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only** | *Typesetting by:* **Competent Computers** | *Printed at:* **Novelty Printer** |


**Notes:**

1. For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.
2. This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.
3. The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.
4. Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.
5. In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.
6. If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.
7. The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.
8. Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.
9. Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.
10. Subject to Delhi Jurisdiction only.

**© Reserved with the Publishers only.**

**Spl. Note:** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *How to get Books by Post (V.P.P.)?*

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*

*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***

*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*

*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

# 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक का भारत
## ( India From mid-18th Century to mid-19th Century )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—December, 2018 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—December, 2017 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2016 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2015 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—December, 2014 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2013 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—December, 2012 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1-4 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2010 (Solved)* | 1 |


*S.No.* **Chapterwise Reference Book** *Page*

### क्षेत्रीय शक्तियों का उदय( *Rise of Regional Powers* )


1. 18वीं शताब्दी के मध्य भारतीय राजनीति (Indian Polity in the mid-18th Century) ................. 1
2. बंगाल और अवध (Bengal and Awadh) ........................................................................ 7
3. मराठा राज्य व्यवस्था (The Maratha State System) .................................................. 12

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 4. | मैसूर और हैदराबाद (Mysore and Hyderabad) | 14 |
| 5. | पंजाब (Punjab) | 16 |
| | **पूंजीवाद और साम्राज्यवाद( *Capitalism and Imperialism* )** | |
| 6. | वाणिज्यिक से औद्योगिक पूंजीवाद की ओर बढ़ता यूरोप (Mercantile to Industrial Capitalism in Europe) | 19 |
| 7. | यूरोपीय औपनिवेशिक शक्तियां (European Colonial Powers) | 25 |
| | **ब्रिटिश विजय तथा एकत्रीकरण( *British Conquest and Consolidation*)** | |
| 8. | बक्सर के युद्ध तक पूर्वी भारत में ब्रिटिश (The British in Eastern India upto Buxar) | 29 |
| 9. | दक्षिण भारत में संघर्ष और विस्तार (Conflict and Expansion–South India) | 33 |
| 10. | आंग्ल-मराठा और मैसूर युद्ध (Anglo-Maratha and Mysore Wars) | 35 |
| 11. | उत्तर भारत में ब्रिटिश विस्तार (British Expansion: North India) | 38 |
| 12. | भारतीय सीमाओं के बाहर ब्रिटिश प्रसार (British Expansion Beyond Indian Frontiers) | 40 |
| 13. | साम्राज्यवादी विचारधारा : ओरिएंटलिस्ट तथा उपयोगितावादी (Imperial Ideology: Orientalist Construction of India and the Utilitarians) | 44 |
| | **औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था( *Colonial Economy* )** | |
| 14. | कंपनी की वाणिज्यिक नीतियां व भारतीय व्यापार (Company's Mercantile Policies and Indian Trade) | 46 |
| 15. | नयी भू-व्यवस्थाएँ (New Land Settlements) | 48 |
| 16. | कृषि का व्यसायीकरण (Commercialisation of Agriculture) | 50 |
| 17. | अनौद्योगीकरण (De-Industrialisation) | 52 |
| 18. | औपनिवेशिक शासन का आर्थिक प्रभाव (Economic Impact of Colonial Rule) | 53 |
| | **सांस्कृतिक मानचित्र( *Cultural Contours* )** | |
| 19. | आधुनिक भारत की भाषाएं (The Languages of Modern India) | 55 |
| 20. | भारतीय भाषाओं में साहित्य (Literature in the Indian Languages) | 57 |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|


21. अंग्रेजी शिक्षा का प्रसार (The Spread of English Education) .................................................. 59

22. पाश्चात्य ज्ञान और भारतीय मानस : विवेचनात्मक चेतना का विकास .................................. 62
(The Indian Mind and Western Knowledge: Growth of Critical Consiousness)


## राजनीति व समाज पर ब्रिटिश शासन का प्रभाव
## ( *Impact of British Rule: Polity and Society* )


23. संवैधानिक विकास : 1773–1853 (Constitutional Developments: 1773-1853) .................... 64

24. प्रशासन और विधि (Administration and Law) ........................................................................ 67

25. सामाजिक नीति और भारतीय प्रतिक्रिया (Social Polity and Indian Response) ....................... 70


## सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिवर्तन( *Social and Cultural Change* )


26. सुधार आंदोलन–I (Reform Movement–I) ................................................................................ 72

27. सुधार आंदोलन–II (Reform Movement–II) ............................................................................ 75

28. सामाजिक भेदभाव तथा प्रवंचित समूह ...................................................................................... 77
(Social Discrimination and Disprivileged Groups)


## जन–आंदोलन और विद्रोह( *Popular Revolts and Uprisings* )


29. किसान और आदिवासी विद्रोह (Tribal and Peasants Uprisings) ............................................ 80

30. 1857 का विद्रोह : कारण और स्वरूप (Revolt of 1857: Causes and Nature) ...................... 83

31. 1857 के विद्रोह की घटनाएं तथा बाद के परिणाम ............................................................... 85
(Revolts of 1857: Course and Aftermath)


■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*(June – 2019)*

*(Solved)*

## 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक का भारत

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*[ कुल का : 70%*

***नोट :** खण्ड I में से कोई दो प्रश्न, खण्ड II में से कोई चार प्रश्न तथा खण्ड III में से कोई दो संक्षिप्त टिप्पणियाँ करने हैं।*

### खण्ड–I

**प्रश्न 1. मैसूर और हैदराबाद में राज्य निर्माण की प्रकृति किस प्रकार भिन्न थी? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-14, प्रश्न 1, 2, 3, पृष्ठ-15, प्रश्न 4, 5, 6

**प्रश्न 2. क्या 18वीं शताब्दी एक 'अंधकारमय युग' था? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–अभी हाल तक 18वीं सदी को एक अन्धकारमय युग के रूप चित्रित किया गया, क्योंकि उस समय अव्यवस्था तथा अराजकता का शासन था। मुगल साम्राज्य धराशायी हो गया, क्षेत्रीय शक्तियां साम्राज्य को स्थापित करने में असफल रहीं तथा 18वीं सदी के अन्त में ब्रिटिश सर्वोच्चता स्थापित हो जाने के साथ ही स्थायित्व कायम हो पाया।

भारतीय इतिहास पर काम करने वाले केम्ब्रिज स्कूल के इतिहासकारों और उनके समर्थक भारतीय इतिहासकारों ने 18वीं शताब्दी को अन्धकारमय युग कहा तथा इसकी तुलना में भारत में ब्रिटिश शासन को एक वरदान बताया।

इस प्रकार के विचारों को स्वीकार करने में कई समस्याएं हैं। मुगल साम्राज्य का प्रभाव न तो इतना गहरा था और न इतना व्यापक जितना कि इसको माना जाता है। भारत का एक काफी बड़ा भाग विशेषकर उत्तर पूर्वी तथा दक्षिणी भाग इसके बाहर था और इसी भांति बहुत से सामाजिक समूह भी इसके प्रभाव से बाहर रहे। इसलिये अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण करने के लिये मुगल साम्राज्य के पतन को उचित आधार नहीं माना जा सकता। हाल ही में कुछ विद्वानों का मत है कि अखिल भारतीय साम्राज्यों के उत्थान तथा पतन की तुलना में क्षेत्रीय राजनैतिक शक्तियों की स्थापना 18वीं सदी की ज्यादा महत्त्वपूर्ण विशेषता थी। मध्यकालीन भारत के अग्रणीय इतिहासकार प्रो. सतीश चन्द्र के अनुसार, 18वीं सदी के इतिहास को पूर्व-ब्रिटिश व ब्रिटिस दो भागों में देखने के स्थान पर उसे इसकी निरंतरता तथा समग्रता में देखा जाना चाहिए।

औरंगजेब की गलत नीतियों ने मुगलों की स्थायी राजनैतिक व्यवस्था को कमजोर किया। परन्तु मुगल साम्राज्य के दो मुख्य स्तम्भ सेना तथा प्रशासन 1707 ई. तक पूर्णत: सक्रिय थे। उत्तराधिकार के युद्धों तथा कमजोर शासकों के कारण 1707 से 1719 तक दिल्ली में अव्यवस्था फैल गई। मोहम्मद शाह का 1719 से 1748 तक का लम्बा शासन काल साम्राज्य के भाग्य को पुन: स्थापित करने के लिये पर्याप्त था परन्तु सम्राट की पूर्ण अयोग्यता ने इस संभावना को भी समाप्त कर दिया।

निजामुल-मुल्क ने इस सम्राट के शासन के दौरान वजीर के पद से त्यागपत्र देकर 1724 में हैदरावाद के स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। बंगाल, अवध और पंजाब ने भी इस पथ का अनुसरण किया और साम्राज्य का उत्तराधिकारी राज्यों में विभाजन हो गया। छोटे सरदारों ने इसे विद्रोह का सूचक समझा और मराठों ने अपने साम्राज्य की स्थापना को साकार करने के लिये पुरजोर प्रयासों को प्रारंभ कर दिया। ईरान के सम्राट नादिरशाह ने 1738-39 में भारत पर आक्रमण किया। उसने शीघ्र की लाहौर पर विजय प्राप्त कर ली तथा 13 फरवरी 1939 को करनाल में मुगल सेना को पराजित कर दिया। इस अपमानजनक पराजय को और पूरा करने के लिये मुगल सम्राट मोहम्मद शाह को पकड़ लिया गया तथा दिल्ली को लूटा गया। उस समय के कवियों मीर तथा शौदा ने दिल्ली के नष्ट होने संबंधी विलाप गीत का वर्णन अपनी रचनाओं में किया है। परन्तु नादिरशाह के आक्रमण का दिल्ली पर इतना व्यापक प्रभाव नहीं हुआ जितना कि सामान्यत: माना जाता है। अब्दाली के आक्रमण का दिल्ली पर अधिक भयंकर प्रभाव हुआ। परन्तु 1772 तक स्थिति पुन: सुधर चुकी थी।

यह स्पष्ट हो चुका है कि 18वीं सदी को अब एक मूलत: अन्धकारमय, अराजकतावादी युग नहीं माना जा सकता। मुगल

www.neerajbooks.com



साम्राज्य का पतन ही इस शताब्दी की एक मात्र प्रमुख विशेषता नहीं थी। क्षेत्रीय शक्तियों का उदय 18वीं सदी के मध्य की लगभग-उतनी ही महत्त्वपूर्ण घटना थी। 18वीं सदी के मध्य में ब्रिटिश शक्ति का उदय तीसरी महत्त्वपूर्ण घटना थी।

**प्रश्न 3. हिन्दी-उर्दू विवाद की रूपरेखा पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर**–हिन्दी-उर्दू विवाद भारतीय उपमहाद्वीप में 19वीं सदी में आरंभ हुआ भाषाई विवाद है। इस विवाद के कुछ मूल प्रश्न ये थे–उत्तरी भारत तथा उत्तरी-पश्चिमी भारत की भाषा का स्वरूप क्या हो, सरकारी कार्यों में किस भाषा/लिपि का प्रयोग हो, हिन्दी और उर्दू एक ही भाषा के दो रूप शैली हैं या अलग-अलग हैं। हिन्दी और उर्दू हिन्दी भाषा की खड़ी बोली के रूप को कहा जाता है और यह लगभग भारत की 48% जनसंख्या की भाषा है जिसे विभिन्न हिन्दी, हिन्दुस्तानी और उर्दू के रूप में जाना जाता है।

वास्तव में हिन्दी-उर्दू विवाद अंग्रेजी काल में शुरू हुआ था और ब्रितानी शासन ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस विवाद को बढ़ाने में मदद की। इसी क्रम में ब्रितानी शासन समाप्त होने के बाद उर्दू पाकिस्तान की राजभाषा घोषित की गयी (1946 में) और हिन्दी भारत की राजभाषा (1940 में)। वर्तमान समय में कुछ मुस्लिमों के अनुसार हिन्दुओं ने उर्दू को परित्यक्त किया जबकि कुछ हिन्दुओं का विश्वास है कि मुस्लिम राज के दौरान उर्दू को कृत्रिम रूप से जनित किया गया।

हिन्दी और उर्दू हिन्दी की खड़ी बोली के दो भिन्न साहित्यिक रूप हैं। खड़ी बोली का एक फारसीकृत रूप, जो विभिन्नता से हिन्दी, हिन्दुस्तानी और उर्दू कहलाता था, दक्षिण एशिया के दिल्ली सल्तनत (1206-1526 ई.) और मुगल सल्तनत (1526-1858 ई.) के दौरान आकार लेने लगी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने आधुनिक भारत के हिन्दी बोलने वाले उत्तरी प्रांतों में फारसी भाषा की जगह उर्दू लिपि में लिखित उर्दू को सरकारी मानक भाषा का दर्जा दे दिया, अंग्रेजी के साथ।

उन्नसवीं सदी के आखिरी कुछ दशकों में उत्तर पश्चिमी प्रांतों और अवध में हिन्दी-उर्दू विवाद का प्रस्फुटन हुआ। हिन्दी और उर्दू के समर्थक क्रमशः देवनागरी और फारसी लिपि में लिखित हिन्दुस्तानी का पक्ष लेने लगे थे। हिन्दी के आंदोलन जो देवनागरी का विकास और आधिकारिक दर्जे को हिमायत दे रहे थे उत्तरी हिन्द में स्थापित हुए। बाबू शिव प्रसाद और मदन मोहन मालवीय इस आंदोलन के आरंभ के उल्लेखनीय समर्थक थे। इसके नतीजे में उर्दू आंदोलनों का निर्माण हुआ, जिन्होंने उर्दू के आधिकारिक दर्जे को समर्थन दिया; सैयद अहमद खान उनके एक प्रसिद्ध समर्थक थे।

सन 1900 में, सरकार ने हिन्दी और उर्दू दोनों को समान प्रतीकात्मक दर्जा प्रदान किया जिसका मुस्लिमों ने विरोध किया और हिन्दुओं ने खुशी व्यक्त की। हिन्दी और उर्दू का भाषायी विवाद बढ़ता गया क्योंकि हिन्दी में फारसी-व्युत्पन्न शब्दों के तुल्य औपचारिक और शैक्षिक शब्दावली का मूल संस्कृत को लिया गया। इससे हिन्दू-मुस्लिम बढ़ने लगे और महात्मा गांधी ने मानकों का पुनः शुद्धीकरण करके पारम्परिक शब्द हिन्दुस्तानी के अन्दर उर्दू अथवा देवनागरी लिपि काम में लेने का सुझाव दिया। इसका कांग्रेस के सदस्यों तथा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल कुछ नेताओं ने समर्थन किया। इसके फलस्वरूप 1950 में भारतीय संविधान के लिए बनी संस्था ने अंग्रेजी के साथ उर्दू के स्थान पर हिन्दी को देवनागरी लिपि में राजभाषा के रूप में स्वीकार किया।

**प्रश्न 4. क्या स्थायी बन्दोबस्त अपने उद्देश्य में सफल रहा? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-15, पृष्ठ-48, प्रश्न 1

**इसे भी देखें**–स्थायी बन्दोबस्त के कारण कंपनी की आय बढ़ी तो अवश्य, किन्तु कोई निश्चित आय नहीं हुई। स्थायी बन्दोबस्त का सबसे बुरा प्रभाव किसानों पर पड़ा। इस व्यवस्था से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से नष्ट हो गई। किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच गये। बंगाल में स्थायी बन्दोबस्त की व्यवस्था ने किसानों एवं जमींदारों के मन में विद्रोह के बीज बो दिये। किसानों को लगान के रूप में एक बड़ी रकम अंग्रेजों को देनी पड़ती थी। जमींदारों को भी एक निश्चित रकम मालगुजारी के रूप में अंग्रेजों को देनी पड़ती थी। मालगुजारी न देने के कारण जमींदारों से उनकी जमीनें छीन ली जाती थी। स्थायी बन्दोबस्त के अन्तर्गत किसानों से अत्यधिाक भू-कर वसूला जाता था, परन्तु भूमि-सुधार की तरु कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता था, जिसके परिणामस्वरूप जगह-जगह अकाल पड़ने लगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि लाभ का सौदा न रहकर घाटे का सौदा बन गई। भू-राजस्व की इस व्यवस्था ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के परम्परागत स्वरूप को अत्यधिक क्षति पहुंचाई।

## खण्ड–II

**प्रश्न 5. 1857 का विद्रोह क्यों असफल रहा? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें सैम्पल पेपर-1, पृष्ठ-5, प्रश्न 7 *(i)*

**प्रश्न 6. बर्मा के प्रति ब्रिटिश नीति की प्रकृति पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-12, पृष्ठ-41, प्रश्न 3, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. क्या ब्रिटिश भारत में कानून पर आधारित शासन (Rule of Law) स्थापित करना चाहते थे? टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-24, पृष्ठ-67, प्रश्न 1, पृष्ठ-68, प्रश्न 3

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*


NEERAJ PUBLICATIONS

www.neerajbooks.com

NEERAJ®

# E.H.I.-5

## भारत : 18वीं शताब्दी के मध्य से 19वीं शताब्दी के मध्य तक

## (India : From Mid 18th to 19th Century)

## खण्ड-1 क्षेत्रीय शक्तियों का उदय

## (Rise of Regional Powers)

# 18वीं शताब्दी के मध्य भारतीय राजनीति

# (Indian Polity in the Mid 18th Century)

1

**प्रश्न 1. मुगल साम्राज्य के पतन के लिए कौन-से कारक उत्तरदायी थे ?**

**उत्तर**—मुगल साम्राज्य का पतन 18वीं सदी के पूर्वार्द्ध में ही प्रकट होने लगा और 1740 में, जिस तिथि से हमारा अध्ययन शुरू होता है, नादिरशाह ने मुगलों की राजधानी दिल्ली नगर को तहस-नहस किया। 1761 में अहमदशाह अब्दाली के विरुद्ध मुगलों ने नहीं बल्कि मराठों ने युद्ध किया। 1883 में मुगल सम्राट् ब्रिटिश शासकों का पेंशन प्राप्तकर्त्ता बन गया।

**आंतरिक कमजोरियां :** मुगलों की स्थायी राजनीतिक व्यवस्था को औरंगजेब की गलत नीतियों ने कमजोर कर दिया। परन्तु मुगल साम्राज्य के दो मुख्य स्तम्भ सेना तथा प्रशासन 1707 ई० तक पूर्णतः सक्रिय थे। उत्तराधिकार के युद्धों तथा कमजोर शासकों के कारण 1707 से 1719 तक दिल्ली में अव्यवस्था फैल गई थी। निजामुल-मुल्क ने इस सम्राट् के शासन के दौरान वजीर के पद से त्यागपत्र देकर 1724 में हैदराबाद के स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। बंगाल, अवध और पंजाब ने भी इस पथ का अनुसरण किया और साम्राज्य का उत्तराधिकारी राज्यों में विभाजन हो गया। छोटे सरदारों ने इसे विद्रोह का सूचक समझा और मराठों ने अपने साम्राज्य की स्थापना की कल्पना को साकार करने के लिये पुरजोर प्रयास प्रारंभ कर दिया।

**बाह्य आक्रमण**—नादिरशाह ने (ईरान का सम्राट्) 1738-39 में भारत पर आक्रमण किया। उसने शीघ्र ही लाहौर को जीत लिया तथा 13 फरवरी, 1939 को करनाल में मुगल सेना को पराजित कर दिया। इस अपमान को और पूरा करने के लिये मुगल सम्राट् मोहम्मदशाह को पकड़ लिया और दिल्ली को भी लूटा। शाही खजाने से 70 करोड़ रुपये लूट लिये तथा धनी कुलीनों की जमा पूंजी भी न बच सकी। उसकी लूट की सबसे कीमती वस्तुएं मयूर सिंहासन एवं कोहिनूर का हीरा थी। नादिरशाह ने मुगल साम्राज्य के सामरिक महत्त्व के काबूल सहित सिंधु नदी के पश्चिमी क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया। एक बार फिर भारत उत्तर-पश्चिम से होने वाले आक्रमणों का शिकार हो गया। नादिरशाह के सेनापति के रूप में अहमदशाह अब्दाली अति महत्त्वपूर्ण हो गया। नादिरशाह की मृत्यु के पश्चात् उसने अफगानिस्तान पर अपना शासन कायम किया।

बौद्धिक इतिहासकारों के अनुसार सम्राटों तथा कुलीनों की व्यक्तिगत असफलतायें, उनके दुराचार एवं विलासिता में लिप्त रहना मुगल साम्राज्य के पतन के कारण थे। इतिहासकारों ने मुगल शासन का चित्रण एक मुस्लिम शासन के रूप में किया है तथा मराठों, सिक्खों व बुन्देला के विद्रोहों को इस्लामी दमन के विरुद्ध हिन्दू प्रतिक्रिया बताया है।

परन्तु सतीश चन्द्र तथा इरफान हबीब ने मुगल साम्राज्य के पतन को आर्थिक व्यवस्था के संकट के रूप मे चित्रित किया है। सतीश चन्द्र का तर्क है कि जागीरदारी व्यवस्था में संकट उत्पन्न हो जाने के कारण मुगल साम्राज्य का पतन हुआ तथा ऐसा इसलिये हुआ, क्योंकि

www.neerajbooks.com



जागीरदारों की बहुतायत थी, परन्तु जागीरों की संख्या कम थी। इरफान हबीब के अनुसार मुगलों के अन्तर्गत कृषि व्यवस्था और अधिक शोषणकारी हो गयी थी, क्योंकि इन सीमित साधनों पर दबाव अधिक बढ़ने लगा था। इसी कारणवश किसान विद्रोह फूट पड़े, जिसके कारण साम्राज्य का स्थायित्व नष्ट हो गया।

परन्तु इरफान हबीब के विपरीत नवीन कैम्ब्रीज इतिहास के लेखकों का मानना है कि मुगल साम्राज्य के पतन का कारण मुगल व्यवस्था की सफलता में निहित था, न कि इसकी असफलता में। उनका मानना है कि जिन जमींदारों ने मुगलों के विरुद्ध विद्रोह किये, जो मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बने थे, वे जमींदार धनी थे न कि गरीब किसान और इनको धनी व्यापारियों का भी समर्थन प्राप्त था। परन्तु इस मत को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता जब तक कि अन्य प्रमाण इस संदर्भ में नहीं मिल जाते। फिलहाल हमारे लिये आर्थिक व्यवस्था का संकट ही मुगल साम्राज्य के पतन का स्वीकृत कारण प्रतीत होता है।

**प्रश्न 2. क्या मुगल साम्राज्य के पतन के पश्चात् उनकी परम्पराएं समाप्त हो गई थीं ?**

**उत्तर**—मुगल साम्राज्य के पतन के पश्चात् भी उनकी परम्पराओं की निरंतरता बनी रही। 1761 के आते-आते मुगल साम्राज्य नाममात्र को रह गया था। यह कहना उचित होगा कि यह केवल दिल्ली एकमात्र राज्य था। लेकिन सम्राट् की स्थिति का सम्मान इतना अधिक था कि चाहे कोई क्षेत्र प्राप्त करना हो या फिर सिहांसन या साम्राज्य, इन सबके लिये सम्राट् की स्वीकृति लेनी पड़ती थी। यहां तक कि मराठों तथा सिक्खों के विद्रोही सरदारों ने कभी-कभी सम्राट् को प्रभुत्व का उदगम या स्रोत माना।

क्षेत्रीय राजनीतिक शक्तियों ने भी मुगल प्रशासन के तौर-तरीकों को अपनाया। मुगल साम्राज्य के उत्तराधिकारी राज्यों के लिये यह स्वाभाविक भी था कि उन्होंने मुगलों की पुरानी परम्पराओं को जारी रखा यहां तक कि मराठा जैसे राज्यों ने भी, जहां पर साम्राज्यवादी शासन के विरुद्ध लोकप्रिय आंदोलनों का प्रारंभ हुआ था, प्रशासन के मुगल तरीकों का अनुसरण किया। जिन बहुत-से अधिकारियों की शिक्षा मुगल परम्पराओं के अनुरूप हुई थी, इनको इन बहुत-सी रियासतों में रोजगार मिल गया। नवीन राजनैतिक व्यवस्थाओं का चरित्र क्षेत्रीय था और उनमें से कोई भी अखिल भारतीय स्तर का चरित्र ग्रहण न कर सकी। कुछ पुरानी संस्थाओं के साथ नवीन राजनैतिक व्यवस्थाओं को क्षेत्रीय शासकों और बाद में अंग्रेज शासकों के द्वारा पुनः इकट्ठा कर दिया गया। औपनिवेशिक व्यवस्था के अंतर्गत पुरानी मुगलीय संस्थाओं ने निम्न प्रकार के कार्यों को सम्पन्न किया। भू-स्वराज व्यवस्था लगभग पहले ही के समान थी, परन्तु उपनिवेशवाद के अंतर्गत एकत्रित की गई सम्पदा का निष्कासन भारत में हुआ।

**प्रश्न 3. मुगल साम्राज्य के पतन के पश्चात् कौन-सी क्षेत्रीय राजनैतिक व्यवस्थाओं का उदय हुआ ? इनका संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

**उत्तर**—अठारहवीं सदी की दूसरी महत्त्वपूर्ण विशेषता थी मुगल साम्राज्य के पतन के साथ-साथ क्षेत्रीय राजनैतिक व्यवस्थाओं का उदय। इस समय साधारणतः तीन प्रकार के राज्यों का उदय हुआ –

- उत्तराधिकारी राज्य जो मुगल साम्राज्य से टूट कर अलग हो गये,
- नये राज्य जिनकी स्थापना मुगलों के विरुद्ध विद्रोहियों द्वारा की गयी, और
- स्वतन्त्र राज्य

www.neerajbooks.com

**(क) उत्तराधिकारी राज्य**–बंगाल, अवध तथा हैदराबाद ऐसे तीन राज्य थे जहां मुगलों के अधीन प्रांतीय गर्वनर थे तथा जिन्होंने स्वतंत्र राज्यों की स्थापना की थी। ये राज्य दिल्ली से कई चरणों में अलग हुए–कुछ व्यक्तियों का विद्रोह क्रमशः सम्मिलित समूहों, समुदायों तथा अन्ततः क्षेत्रीय विद्रोहों में परिवर्तित हो गया, शाही करों की अधिक मांग के विरुद्ध जमींदारों के विद्रोहों ने टूटने की इस प्रक्रिया को पूरा कर दिया। प्रान्तीय गवर्नरों को केन्द्र से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने स्थानीय प्रभावशाली गुटों का सर्मथन प्राप्त करने के लिये प्रयास किये। फिर भी केन्द्र के साथ सम्पर्कों को बनाये रखा गया तथा मुगल परम्परायें भी जारी रहीं। जिस समय नादिरशाह ने दिल्ली पर आक्रमण किया तो अवध तथा हैदराबाद ने मुगल शासकों की सहायता की। कुलीनों के विभिन्न गुटों के साथ अपने सम्पर्कों के कारण प्रांतीय गवर्नर केन्द्र को नियंत्रित करने के लिये काफी शक्तिशाली थे। इसलिये इस समय में राजनैतिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तनों को पतनशील बताने की अपेक्षा रूपांतरण की विशेषता के नाम से जानना होगा। मुगलों के संस्थात्मक ढांचे के अंतर्गत एक नवीन राजनैतिक व्यवस्था को निर्मित किया गया।

विदेशी आक्रमण के कारण पंजाब की अर्थव्यवस्था में रुकावट आयी, लेकिन अवध की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई। क्षेत्रीय चित्र बहुत ही भिन्न था। लखनऊ की सुरक्षा के लिये अवध नवाब सफदरजंग ने इस अवसर पर नादिरशाह को तीन करोड़ रुपये दिये। अवध में आर्थिक संपन्नता के आधार पर राजनैतिक व्यवस्था में स्थायित्व कायम हुआ, जबकि पंजाब में निर्मित राज्य धराशायी हो गये।

**(ख) नये राज्य**—"नये राज्यों" या "विद्रोही राज्यों" की स्थापना मराठों, सिक्खों, जाटों एवं अफगानों ने मुगलों के विरुद्ध विद्रोह करके की थी। पहले तीन राज्यों का प्रारम्भ किसान विप्लव के लोकप्रिय आंदोलनों के द्वारा हुआ। इन आंदोलनों का नेतृत्व कुलीनों के साथ न होकर अक्सर समाज के साधारण "नये आदमियों" अर्थात् हैदरअली, सिंधिया और होलकर सरीखे लोगों के पास था।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



***(i)* मराठा**—मराठा राज्य व्यवस्था की मुख्य विशेषता पेशवाओं या प्रधानमंत्रियों का आधिपत्य था जिसका विकास बालाजी विश्वनाथ के शासन काल के दौरान हुआ। वह शिवाजी के पौत्र साहू का एक वफादार अधिकारी था। 1707 में साहू को मुगलों की जेल से छोड़ दिया गया तथा वह मराठा राज्य का राजा बन गया। उसके शासन के दौरान पेशवा की शक्ति में तेजी के साथ वृद्धि हुई और मराठा सम्राट् नाम मात्र का शासक रह गया। 1702 में बालाजी विश्वनाथ की मृत्यु हो गयी और उसके बाद उसका पुत्र बाजीराव पेशवा बना, जिसकी मृत्यु 1740 में हुई और इसी समय से हमारा अध्ययन भी प्रारम्भ होता है। इस समय तक मराठा क्षेत्रीय शक्ति न रहकर एक विस्तारवादी साम्राज्य बन गया था। उन्होंने मुगल साम्राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया। इसकी मुख्य दुर्लभता यह थी कि इन विजयों को प्राप्त करने में मराठा सरदारों की अग्रिम भूमिका थी और ये सरदार पेशवा द्वारा जारी किये गये नियमों को मानने के विरुद्ध थे। उन्होंने पेशवा के प्रभुत्व को इसलिये स्वीकार किया था कि उसके साथ रहने से उनको सैन्य तथा वित्तीय लाभ होता था। कुछ विशेष क्षेत्रों में चौथ तथा सरदेशमुखी को एकत्रित करने और विजित करने की आज्ञा मराठा सरदारों को प्रदान की गई थी। बाजीराव ने इसी से सीख लेते हुए स्वयं सैनिक अभियानों का नेतृत्व किया और दूसरे क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरात और मालवा के उपजाऊ क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया।

बाजीराव की सेनाओं ने निजाम की सेनाओं को दो बार निर्णायक रूप से पराजित किया, परन्तु दक्खन प्रांतों पर अधिकार करने के लिये दोनों के बीच संघर्ष जारी रहा। अंग्रेज भी इस संघर्ष में कूद पड़े और अब यह त्रिकोणीय संघर्ष में बदल गया जो अंग्रेजों के लिये बड़ा ही लाभकारी सिद्ध हुआ और उन्होंने उनका उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध किया। बालाजीराव जिसको नाना साहब के नाम से भी जाना जाता था, 1740 से 1761 तक पेशवा रहा। इसके शासन के दौरान मराठा शक्ति अपने चरमोत्कर्ष पर थी। अब मराठा शक्ति का प्रसार केवल उन्हीं क्षेत्रों तक सीमित नहीं था, जिसने मराठों की विजय के साथ लूट को न देखा हो। मध्य भारत में, बाजीराव ने मालवा, गुजरात तथा बुन्देलखण्ड के जिन क्षेत्रों को विजयी किया उनको शेष मराठा साम्राज्य के साथ भली-भांति मिला लिया गया।

***(ii)* सिक्ख**—लोकतांत्रिक धर्म सिक्खवाद का प्रसार 15वीं शताब्दी के अंत में सामरिक दृष्टि से पंजाब प्रांत में हुआ। आगामी दो सदियों तक यह व्यक्ति विशेष तक सीमित रहा, परन्तु दसवें गुरु गोविन्द सिंह के समय में, इस पंथ के अनुचरों में राजनैतिक अभिलाषाओं तथा संघर्षकारिता को पैदा करके इसे एक भली-भांति सुसंगठित समुदाय में बदल दिया गया। पंजाब के सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण होने के कारण, मुगलों ने पूरी ताकत के साथ विद्रोह को दबा दिया। अन्य विद्रोहियों की तुलना में सिक्ख विद्रोही मुगलों के साथ समझौता करने के इच्छुक नहीं थे। उन्होंने केन्द्र के साथ किसी भी प्रकार संबंध रखने से मना कर दिया और पूर्ण स्वतंत्र शासक बनने के लिये अपना संघर्ष जारी रखा। सिक्खों के संगठन में कुछ आंतरिक कमजोरियां थी। आंदोलन के नेता खत्रियों की स्थिति में गिरावट आयी, क्योंकि विदेशी आक्रमणों तथा मराठों के कारण व्यापार तथा शहरी केन्द्रों का पतन हो गया। प्रगति की संभावनाओं के कारण आंदोलन में छोटी-छोटी जातियां सम्मिलित हो गईं, जिसके परिणामस्वरूप उच्च जातियों व वर्गों का विरोध इस आंदोलन के अंदर होने लगा।

पंजाब प्रांत का गठन 12 संघों ने मिलकर किया। हाल के वर्षों में इतिहासकारों ने इस विचार का खण्डन किया है कि सिक्ख राज्य एक धार्मिक राज्य था। उनका कहना है कि यह भी उस समय देश के अन्य भागों की तरह एक धर्मनिरपेक्ष राज्य था। लेकिन एक महत्त्वपूर्ण राज्य के रूप में पंजाब का उदय होना अभी बाकी था। यह कार्य शताब्दी के अंत में रणजीत सिंह द्वारा पूरा किया गया।

***(iii)* जाट**—दिल्ली-आगरा क्षेत्र में बसे जाट एक खेतिहर जाति थी। सत्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध में मुगल आधिपत्य के विरुद्ध जाट किसानों के विद्रोहों के कारण मुगल साम्राज्य के इस अन्तर्मार्गीय क्षेत्र की स्थिरता के लिये खतरा पैदा हो गया। मुगल शक्ति के पतन के साथ-साथ जाट शक्ति में वृद्धि हुई और एक किसान विद्रोह को विप्लव में परिवर्तित कर दिया गया, जो इस क्षेत्र के अन्य गुटों सहित राजपूत जमीदारों के लिये विनाशकारी सिद्ध हुआ। किसान विद्रोह होने के बावजूद भी जाट राज्य का ढांचा सामंती बना रहा जिसके अंतर्गत प्रशासनिक तथा राजस्व शक्तियां जमींदारों के पास थीं और सूरजमल के शासन में भू-राजस्व मुगलों से कहीं अधिक था। चूड़ामन तथा बदन सिंह ने भरतपुर में जाट राज्य की स्थापना की। परन्तु यह सूरजमल ही था जिसने जाट शक्ति को 1756 से 1763 तक अपने शासन काल में संगठित एवं सुदृढ़ किया। राज्य के प्रसार के कारण इसकी सीमायें पूरब में गंगा नदी, दक्षिण में चम्बल, उत्तर में दिल्ली तथा पश्चिम में आगरा तक फैल गई। इसी के साथ-साथ उसमें विशेषकर राजस्व एवं नागरिक मामलों में विशेष प्रशासनिक योग्यता थी। परन्तु उसका शासन काफी कम समय तक रहा और 1763 में उसकी मृत्यु के बाद जाट राज्य का पतन हो गया।

***(iv)* फर्रूखाबाद और रूहेलखण्ड**—रूहेलखंड तथा बंगश पठानों के राज्यों की स्थापना 17वीं सदी में अफगानों का परिणाम थी। अफगानिस्तान में 18वीं सदी के मध्य में राजनैतिक तथा आर्थिक अस्थिरता पैदा हो जाने के कारण काफी बड़ी संख्या में अफगानों का भारत में विस्थापन हुआ। नादिरशाह के आक्रमण के बाद उत्तर भारत में अराजकता की स्थिति पैदा हो गयी। इसका लाभ उठाते हुए मुहम्मद खां ने रूहेलखंड के एक छोटे राज्य की स्थापना की। यह क्षेत्र हिमालय की तलहटी में उत्तर में कुमायूं पहाड़ियों तथा दक्षिण में गंगा नदी के बीच स्थित था। रूहेलों को जिनको उनके क्षेत्र रूहेलखंड के नाम से जाना जाता था, क्षेत्रों की अन्य शक्तियों जैसे कि जाटों और अवध के शासकों

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



तथा बाद में मराठों एवं अंग्रेजों के हाथों भारी पराजय को देखना पड़ा। दिल्ली से पूरब की ओर फर्रूखाबाद में मोहम्मद खान बंगश ने जो एक अफगान सरदार था, एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की।

**(ग) स्वतंत्र राज्य**—वे राज्य जो न तो ब्रिटिश साम्राज्य से अलग हुए थे और न ही इन राज्यों का निर्माण दिल्ली के विरुद्ध करके किया गया था, तीसरी श्रेणी में आते थे। मैसूर, राजपूत राज्य एवं केरल इस श्रेणी के राज्य थे।

***(i)* मैसूर**—मैसूर का दक्षिण भारत में एक महत्त्वपूर्ण राज्य के रूप में उदय 18वीं सदी के मध्य में हुआ। मैसूर राज्य की आधारशिला हैदरअली के द्वारा रखी गयी, जिसको सुसंगठित उसके पुत्र टीपू सुल्तान ने किया। हैदरअली यद्यपि मैसूर राज्य की सेना में एक छोटा अधिकारी था परन्तु उसने एक सेनापति के पद तक प्रगति की। हैदरअली की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि यह एहसास कराना था कि एक आधुनिक सेना ही शक्तिशाली राज्य का आधार हो सकती है। फलस्वरूप उसने सेना को पश्चिमी तरीकों से प्रशिक्षित किया एवं शस्त्र भंडारण करने के लिये फ्रांसीसी विशेषज्ञों को भर्ती किया। शीघ्र ही वह इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने मैसूर सिंहासन के पीछे वास्तविक शक्ति मंत्री नुंजराज को 1761 में उखाड़ दिया। मैसूर राज्य की सीमाओं में मालाबार तथा कर्नाटक के सम्पन्न तटीय क्षेत्रों को सम्मिलित कर लिया गया। बिल्कुल मध्य में प्रसार होने के कारण क्षेत्र की दूसरी शक्तियों मराठों, हैदराबाद तथा नवीन उभरती शक्ति अंग्रेजों के साथ उसका संघर्ष होना स्वाभाविक था। उसने 1769 में मद्रास के निकट अंग्रेजी सेनाओं के विरुद्ध अपनी विजय को दर्ज किया। 1782 में उसकी मृत्यु के बाद उसका बेटा टीपू सुल्तान मैसूर का सुल्तान बना और उसने भी अपने पिता द्वारा शुरू की गयी नीतियों का अनुसरण किया।

***(ii)* राजपूत राज्य**—राजपूत राजाओं ने मुगल साम्राज्य के बिखराव से लाभ उठाते हुए अपनी स्थिति को अन्य शासकों की भांति और मजबूत किया। उनमें से कोई भी इतना बड़ा एवं पर्याप्त शक्तिशाली नहीं था कि सर्वोच्च शक्ति की स्थिति को प्राप्त करने के लिये मराठों एवं अंग्रेजों को चुनौती दे सके। उनकी नीति थी कि दिल्ली के साथ अपने संबंधों को धीरे-धीरे समाप्त होने देना और स्वतंत्र राज्यों के रूप में कार्य करना। दिल्ली दरबार में सत्ता के लिये होने वाले संघर्षों एवं षड्यंत्रों में उन्होंने भाग लिया और मुगल शासकों से आकर्षक तथा प्रभावशाली सूबेदारियां प्राप्त की। उत्तर-मुगल काल में भी राजपूत नीति विखण्डित रूप में जारी रही। सभी राज्यों ने प्रसारवादी नीति का लगातार अनुसरण किया और जब भी संभव होता तो वे अपने कमजोर पड़ोसी को अपने राज्य में मिला लेते। यह खेल राज्य के अंदर भी खेला जाता, एक गुट दूसरे गुट के विरुद्ध उसी प्रकार से षड्यंत्र रचता रहता था जैसा कि मुगलों के दिल्ली दरबार में खेल चलता रहता था। राजपूत शासकों में अजमेर का राजा जयसिंह बहुत लोकप्रिय हुआ और जिसने 1699 से 1743 तक जयपुर पर शासन किया।

***(iii)* केरल**—कालीकर, त्रावणकोर, और चीन तीन राज्यों को मिलाकर वर्तमान केरल राज्य का गठन किया गया। बहुत-से सरदारों तथा राजाओं के क्षेत्र 1763 तक इन राज्यों के अंतर्गत थे। परन्तु मैसूर राज्य का प्रसार केरल की स्थिरता के लिये विनाशकारी साबित हुआ। हैदरअली ने 1766 में केरल पर आक्रमण किया और मालाबार तथा कालीकट पर अधिकार कर लिया। त्रावणकोर ध्रुव दक्षिण का एक महत्त्वपूर्ण एवं सुरक्षित राज्य था। 1729 के बाद इसका महत्त्व उस समय और भी बढ़ गया जबकि इसके राजा मार्तन्ग वर्मा ने मजबूत तथा पश्चिमी तरीकों से प्रशिक्षित और आधुनिक हथियारों से लैस आधुनिक सेना की मदद से अपने राज्य की सीमाओं का प्रसार किया। डचों को केरल से बाहर कर दिया गया तथा सामंत सरदारों का दमन कर दिया गया।

**प्रश्न 4. क्षेत्रीय राजनीतिक व्यवस्थाओं की कमजोरियों पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर**—कुछ राज्य मुगल सत्ता को नष्ट करने के लिये पर्याप्त शक्तिशाली साबित हुए परन्तु उनमें से कोई भी मुगल साम्राज्य के स्थान पर अखिल भारतीय स्तर पर एक स्थिर राजनैतिक व्यवस्था देने में सक्षम न हो सका। एक मत के अनुसार ऐसा इसलिये था कि इन क्षेत्रीय राजनैतिक व्यवस्थाओं में ही कमजोरियां नीहित थी। यद्यपि इनमें से कुछ ने आधुनिकीकरण की ओर प्रयास किया, परन्तु कुल मिलाकर वे तकनीकी एवं विज्ञान में पिछड़े हुए थे। ये राज्य आर्थिक गतिरोध की उस प्रक्रिया को न बदल सके जिसने मुगल साम्राज्य की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। जागीरदारी संकट और गहरा हो गया क्योंकि कृषि से होने वाली आमदनी में गिरावट आयी और अतिरिक्त पैदावार पर हक जमाने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। आंतरिक तथा विदेशी व्यापार बिना किसी रुकावट के जारी रहा और यहां तक कि उसमें सम्पन्नता बढ़ी परन्तु बाकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि बंद हो गयी। इतिहासकार सतीश चन्द्र का कहना है कि आर्थिक ह्रास तथा सामाजिक अवरोध का एकरूप चित्रण करना गलत है। साम्राज्य की राजनैतिक व्यवस्था के मृतप्रायः होने के बावजूद साम्राज्य के पूर्वी भाग में आर्थिक विकास की गति में और तेजी आयी। औपनिवेशिक शासन की प्रारंभिक लूट-पाट को बंगाल प्रांत ने मजबूती से वहन किया। 1970 के बाद भी बंगाल की अर्थव्यवस्था में स्थायित्व बना रहा और रूई की वस्तुओं का निर्यात 1750 में 4,00,000 से 1790 में ढ़ाई गुना तक बढ़ गया।

सामाजिक क्षेत्र में भी परिवर्तन हुए तथा छोटी जातियों ने प्रगति की तथा "नये लोग" आगे बढ़ते रहे।

मुजफ्फर आलम ने क्षेत्रीय आधार पर अलग-अलग विवरण प्रस्तुत किये हैं। उनका कहना है कि अवध में जहां एक ओर आर्थिक सम्पन्नता बढ़ी, तो वहीं दूसरे क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में ठहराव आया। परन्तु राजनैतिक व्यवस्थाएं क्षेत्रीय बनी रही क्योंकि पर्याप्त अतिरिक्त धन के अभाव में आखिल भारतीय स्तर पर एक ऐसी स्वदेशी राज्य व्यवस्था कायम न हो सकी।

www.neerajbooks.com